>

Title: Need to expedite the setting up of Rail Coach Factory (Repairing & Maintenance Unit) at Jhansi, Uttar Pradesh.

**श्री चन्द्रपाल सिंह यादव (झांसी) :** अध्यक्ष महोदय, झांसी रेलवे स्टेशन का उद्घाटन 1 जनवर, 1889 को हुआ था तथा रेल जिला कार्यालय भी इसी वर्ष प्रारंभ हुआ। आज इसे उत्तर मध्य रेलवे का सबसे महत्वपूर्ण एवं सबसे बड़े मंडल के रूप में जाना जाता है। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों के प्रयास से रेलवे प्रशासन द्वारा नई कोच रिपेयरिंग फैक्ट्री झांसी में प्रस्तावित है। बुंदेलखंड क्षेत्र का झांसी मंडल हमेशा से ही राजनीतिक दखल का शिकार रहा है। क्षेत्र में पढ़े लिखे लोग पर्याप्त रोजगार न होने के कारण क्षेत्र से पलायन कर रहे हैं। झांसी मंडल सबसे पुराना व उत्तर मध्य रेलवे का सबसे बड़ा मंडल होने के बावजूद अभी तक रेलवे के विकास की दृष्टि से समुचित विकसित नहीं हो सका है। यहां रेलवे के पास बहुत सारी जमीन खाली पड़ी है। श्रमिक सस्ते दामों में उपलब्ध है। यातायात के सभी मार्ग उपलब्ध होने के बावजूद उद्योगों की भारी कमी है।

ऐसा विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि झांसी क्षेत्र की नई कोच रिपेयरिंग फैक्ट्री की प्रस्तावित योजना को अन्यत्र ले जाने का प्रयास हो रहा है जिससे क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है तथा क्षेत्रीय लोगों ने जन आंदोलन शुरू कर दिया है।

सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि क्षेत्रीय असंतुलन एवं बेरोजगारी को दूर करने के लिए झांसी में रेलवे प्रशासन द्वारा उपलब्ध व चिन्हित की गई जमीन पर यथाशीघ्र प्रस्तावित नई कोच रिपेयरिंग फैक्ट्री के निर्माण का कार्य प्रारंभ कराने का कष्ट करें।